संट थॉमस स्कूल ,लोनी

कक्षा -1 (ड)

दिनांक: 9 फरवरी 2024

विषयगत प्रार्थनासभा

भारतीय संस्कृति

"जब तक संस्कृति है तब तक आस है बिना संस्कृति के मानवता का विनाश है।"

9 फरवरी 2024 भारतीय संस्कृति के ऊपर कक्षा 1-ड के छात्रों द्वारा एक विषयगत प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया प्रार्थना सभा की शुरुआत परमपिता परमात्मा को याद करते हुए की गई उसके बाद विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संस्कृति को सुरक्षित बनाये रखने के लिए शपथ ली गई। प्रार्थना सभा में भारत के 28 राज्यों में से दो राज्य उत्तराखंड और पंजाब के लोक नृत्य को प्रस्तुत किया गया।भारतीय संस्कृति के ऊपर विचार प्रस्तुतीकरण किये गये और विद्यार्थियों ने नाटक प्रस्तुतीकरण के द्वारा किस तरह भारतीय संस्कृति अनेकता में एकता का उदाहरण लिए हुए है यह भी बताया भारतीय संस्कृति की झलक दिखाते हुए विद्यार्थियों ने भारत के प्रमुख त्योहारों को नृत्य प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया।सभा का समापन एक बहुत ही सुंदर गीत के साथ किया गया जिसे बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ गाया और अंत में प्रधानाध्यापिका ने बच्चों की मेहनत को बहुत सरहाया और सकारात्मक शब्दों के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी किया।